विवेकानन्द विद्यापीठ

रामकृष्ण परमहंस नगर, कोटा रायपुर - 492 010 (छत्तीसगढ़)

दूरभाष : (0771) 2575438, फैक्स : 2575438

ई-मेल : vivekanandavidyapeeth@yahoo.com

वेबसाइट : www.vivekvidya.ac.in

विवेकानन्द युवा-सम्मेलन

सहयोग - संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

दिनांक 29 एवं 30 मार्च, 2017

प्रिय महोदय/महोदया,

स्वामी विवेकानन्द युवाशक्ति के चिरन्तन प्रतीक हैं। आत्मविश्वास, निर्भयता, साहस आदि युवाशक्ति की प्रमुख वांछित विशेषताएँ हैं और स्वामी विवेकानन्द इन गुणों के जीवन्त विग्रह थे। उन्होंने अपने जीवन के अन्तिम क्षणों तक देश की युवाशक्ति को जागृत करने का आन्दोलन चलाया। उन्होंने कहा था, ''मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में, आज की पीढ़ी में है। उनमें से मेरे कार्यकर्त्ता निकलेंगे। वे सिंह के समान सारी समस्याओं का सामना करेंगे।'' उन्होंने यह भी कहा था, ''मैं इन युवकों को संगठित करने के लिए जन्मा हूँ।'' अत: हम देखते हैं कि युवाशक्ति को सही दिशा देना स्वामीजी के जीवन का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कार्य था। आज हमारा राष्ट्र अनेक प्रकार की समस्याओं से ग्रसित है। यदि इन समस्याओं को दूर कर हमें अपने राष्ट्र को एक गौरवशाली राष्ट्र बनाना है तो हमारे युवकों के सम्मुख हमें एक महान आदर्श रखना होगा जिसका वे अनुसरण कर सकें। स्वामी विवेकानन्द ही आज की परिस्थितियों में ऐसे महापुरुष हैं जिनके संदेश राष्ट्र की सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए सक्षम हैं तथा जो युवकों के लिए आदर्श पुरुष हो सकते हैं।

ऐसे स्वामी विवेकानन्द के विचारों का युवकों में प्रचार और प्रसार के लिए हमारी संस्था संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से एक 'विवेकानन्द युवा-सम्मेलन' दिनांक 29 एवं 30 मार्च, 2017 को आयोजित कर रही है। जिसमें युवा भाग लेकर स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व और कृतित्व से अवगत होकर लाभान्वित हो सकेंगे।

इस वर्ष स्वामी विवेकानन्द की प्रिय शिष्या भगिनी निवेदिता (मार्गरेट एलिज़ाबेथ नोबल) की 150वीं जयन्ती सर्वत्र उत्साहपूर्वक मनायी जा रही है। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द की प्रेरणा पाकर पाश्चात्य संस्कृति के आकर्षणों से अपने आपको मुक्त कर भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक जीवन-पद्धति को पूरी तरह से अपना लिया था और भारत के सर्वांगीण विकास के लिए, विशेष रूप से भारत में नारी शिक्षा के प्रचार और प्रसार में, अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों के लिए वे प्रेरणाश्रोत थीं। उनका सारा जीवन भारत की सेवा में समर्पित हो गया था। उन महीयसी नारी के प्रति कृतज्ञ श्रद्धांजलि प्रकट करने हेतु उनके जीवन और सन्देशों पर भी चिन्तन किया जायेगा। युवा सम्मेलन में अनेक विद्वान वक्ताओं का मार्गदर्शन उपलब्ध होगा। ये वक्तागण अपने गम्भीर चिंतन तथा प्रेरणादायी और प्रभावशील वक्तव्यों के लिए प्रसिद्ध हैं।

सम्मेलन में प्रतिभागिता

सम्मेलन में प्राय: युवा प्रतिनिधि भाग लेंगे पर अन्य इच्छुक प्रतिभागी भी इसमें भाग ले सकेंगे। भाग लेने हेतु इच्छुक प्रतिभागियों को संलग्न पंजीयन प्रपत्र भरकर 24 मार्च तक opv2010@gmail.com के पते पर ई-मेल करना होगा तथा उन्हें पंजीयन प्रपत्र की मूल प्रति के साथ दिनांक 29 मार्च, 2017 को अपराह्न 01.00 बजे विवेकानन्द विद्यापीठ, कोटा, रायपुर के सभाभवन में उपस्थित होना पड़ेगा। **कृपया ध्यान देवें कि पंजीयन प्रपत्र में आपका नाम, ई-मेल का पता, मोबाइल नं. आदि प्रविष्टियाँ स्पष्ट अक्षरों में होवें।**

संपर्क

युवा-सम्मेलन सम्बन्धी जानकारी श्री मनोज यादव, कार्यालय प्रमुख - मोबा. : 9827163688 एवं श्री श्रीकान्त भतरिया - मोबा.: 9993505448 से प्राप्त की जा सकती है।

डॉ. ओमप्रकाश वर्मा
सचिव
विवेकानन्द विद्यापीठ, रायपुर
मोबा. : 9826331815

यहाँ से काटिए

विवेकानन्द विद्यापीठ

रामकृष्ण परमहंस नगर, कोटा रायपुर - 492 010 (छत्तीसगढ़)

विवेकानन्द युवा-सम्मेलन

सहयोग - संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

दिनांक 29 एवं 30 मार्च, 2017

पंजीयन-प्रपत्र

नाम (हिन्दी में) : श्री/श्रीमती/कु. ....

कक्षा/पद : ....

विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय/संस्था का नाम: ....

: ....

पूर्ण पता : ....

....

ई-मेल : ....

मोबाइल : .... दूरभाष ....

क्या प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र चाहिए - हाँ ☐ नहीं ☐

दिनांक : .... हस्ताक्षर

कृपया पंजीयन प्रपत्र भरकर ई-मेल opv2010@gmail.com पर दिनांक 24 मार्च, 2017 तक भेजें तथा पंजीयन प्रपत्र की मूल प्रति के साथ विवेकानन्द विद्यापीठ, कोटा, रायपुर के सभाभवन में दिनांक 29 मार्च, 2017 के अपराह्न 01.00 तक उपस्थित हो जायें। **पंजीयन प्रपत्र में नाम, ई-मेल पता, मोबाइल नं. आदि प्रविष्टियाँ स्पष्ट अक्षरों में भरें।**